27/03/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को गर्मी के मद्देनजर परामर्श जारी किया है। यह परामर्श मौसम विभाग इस वर्ष मार्च से जून के दौरान सामान्य से अधिक तापमान के पूर्वानुमान के बाद जारी किया गया है। आयोग ने गर्मी के प्रभाव को कम करने के संबंध में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशों को साझा किया है। प्राधिकरण ने गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए लोगों को विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच बाहर न निकलने की सलाह दी है। आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से मतदान केंद्रों पर पेयजल और छाया सहित न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं तय करने को कहा है। आयोग ने यह भी निर्देश जारी किया है कि चुनाव में कार्यरत अधिकारियों एवं जरुरतमंदों के लिए भी (ओ आर एस) की सुविधा उपलब्ध कराई जाय।

0000000000000000000000

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया आज समाप्त हो गई। पहले चरण में 17 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव होंगे। लोकसभा के दूसरे चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना कल जारी की जाएगी। इस चरण में 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की उन्यासी लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा।

दूसरे चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की आठ-आठ, मध्य प्रदेश की 7, असम और बिहार की 5-5, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ की तीन-तीन, मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू कश्मीर की एक-एक सीट पर चुनाव होगा। उम्मीदवार 4 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे और मतदान 26 अप्रैल को होगा। **जम्मू-कश्मीर को छोडकर सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में नामांकन पत्रों की जांच 5 अप्रैल को की जाएगी। जम्मू-कश्मीर में नामांकन पत्रों की जांच 6 अप्रैल को होगी।**

0000000000000000000000

पापुम पारे जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को तीन नामांकन दाखिल किए गए। जबकि उन फ़ाइल उम्मीदवारों में 13-ईटानगर विधानसभा क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तेची कासो, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के ताई तादाप शामिल हैं। 14-दोईमुख विधानसभा क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ताना हाली तारा, और पीपीए के नाबाम विवेक और कांग्रेस के नाबाम तादो और सागाली एसी के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रातू तेची शामिल है।

0000000000000000000000

केई पान्योर जिले के याचुली स्थित केवीके ने मंगलवार को लोअर सुबनसिरी जिले में ‘low chilling apple and walnut cultivation practices’ पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया,

जो करनाल (हरियाणा) स्थित Indian Institute of Wheat & Barley Research द्वारा प्रायोजित एनईएच घटक के तहत आयोजित किया गया था। जिसके तहत जीरो में low chilling apple के लाभ, महत्व और प्रदर्शन पर जोर दिया गया। लोअर सुबनसिरी डीएओ तास्सो बुतुंग ने मानव के साथ-साथ मिट्टी और पौधों के स्वास्थ्य पर रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के हानिकारक प्रभावों और कीट और बीमारियों के प्रबंधन के लिए रासायनिक उर्वरकों के स्थानीय विकल्पों का उपयोग करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में 100 से अधिक किसानों, समुदाय के सदस्यों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

पापुम पारे जिले के लिए संसद और विधान सभा चुनावों के लिए सामान्य पर्यवेक्षक और पुलिस पर्यवेक्षक क्रमशः अमित ढाका और ओम प्रकाश त्रिपाठी ने आज डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल, यूपिया में पापुम पारे जिले के एसपी और चुनाव नोडल अधिकारियों के साथ चुनावी तैयारियों की समीक्षा की। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए चुनाव ड्यूटी पर नियुक्त सभी अधिकारी मिलकर काम करें। ईटानगर के मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त की चीजों का वितरन करने को केंद्र बताते हुए, जनरल ऑब्जर्वर अमित ढाका ने एसएसटी और एफएसटी द्वारा गहन जांच का आह्वान किया। उन्होंने मतदाता पंजीकरण अपडेट, जनशक्ति और ईवीएम रैंडमाइजेशन प्रक्रिया का भी जायजा लिया और किसी भी प्रक्रियात्मक चूक से बचने के लिए पूरी सावधानी बरतने को कहा।

मॉडल कोड लागू होने के बाद से पापुम पारे जिले की flying surveillance teams (एफएसटी) और static surveillance teams (एसएसटी) द्वारा आईएमएफएल, हथियारों और अन्य वस्तुओं के अलावा कुल 41,74,000 रुपये नकद जब्त किए गए हैं। चुनाव अधिकारी जिकेन बोमजेन ने हथियार लाइसेंस धारकों से इस सप्ताह के अंत तक निकटतम पुलिस स्टेशन में लाइसेंस जमा करने का अनुरोध किया है और कहा है कि "ऐसा करने में विफल रहने पर लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा।" 0000000000000000000000

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी ने बायो-मेड प्राइवेट लिमिटेड जो कि एक अग्रणी विनिर्माण कंपनी है जो उच्च गुणवत्ता वाले टीकों में विशेषज्ञता रखती है को एक अग्रणी वैक्सीन तकनीक सफलतापूर्वक हस्तांतरित किया गया। इस तकनीक में एक पुनः संयोजक वेक्टर वैक्सीन शामिल है जिसे विशेष रूप से पालतू सूअरों और जंगली सूअरों में क्लासिक स्वाइन फिवर वायरस से निपटने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो भारत के वैक्सीन परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण अंतर को भरता है। देश में इस बीमारी के मामले पूर्वोत्तर राज्यों के साथ-साथ बिहार, केरल, पंजाब, हरियाणा और गुजरात सहित अन्य राज्यों में अक्सर देखे गए हैं। वैक्सीन का काम 2018-2019 में आईआईटी गुवाहाटी में बायोसाइंसेज और बायोइंजीनियरिंग विभाग और गुवाहाटी में असम कृषि विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के बीच सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से शुरू किया गया था।

0000000000000000000000